SHRI HARIKESH BAHADUR (Gorakhpur) : It is a conspiracy of the Central Government not to hold election anywhere in the country.

**अध्यक्ष महोदय :** हिन्दुस्तान की जनता कांस्पिरेसी नहीं चलने दे सकती है। मैं जनता में विश्वास रखता हूं। हिन्दुस्तान की जनता बहुत जागरूक है।

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी :** जनता तो इधर बैठी हुई है। आप जनता की बात नहीं सुन रहे हैं।

**श्री राम विलास पासवान** (हाजीपुर) : आप भी यहां रहेंगे हम भी यहां रहेंगे। चुनाव कब होता है, देख लीजियेगा।

MR. SPEAKER : Now Calling Attention. Shri Ramavatar Shastri

---

**11.30 hrs.**

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### STEPS TAKEN BY GOVERNMENT TO MAINTAIN REMUNERATIVE PRICES FOR POTATOES AND SUGARCANE

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : जिस तरीके से यह ध्यानाकर्षण प्रस्ताव स्वीकार किया गया है, उस के बारे में मैं एक सवाल उठाना चाहता हूं। आपने ब्रैकिट में कर दिया है "फैक्ट्रियों को की जाने वाली सप्लाई को छोड़ कर"। इस का मतलब यह है कि आप ने इस के क्षेत्र को महदूद कर दिया है। गन्ना फैक्ट्रियों को भी सप्लाई होता है। खांडसारी के लिए भी जाता है। वहां भी मूल्य का सवाल है। यह कैसे आपने कर दिया है?

**अध्यक्ष महोदय :** जिन्होंने सूचना दी होगी, सब सोच कर दी होगी। देने वालों ने सब बातें सोच ली होंगी। यह तो करो और उसको भी ले आओ। गन्ना खांडसारी में भी जाता है कोल्हू पर भी जाता है। उस गन्ने के भाव फैक्ट्रियों में जाने वाले गन्ने से कम होंगे, इसलिए उन्होंने ऐसा किया होगा।

**श्री रामावतार शास्त्री :** सब से कम है। आप तो किसान के हितैषी हैं।

**अध्यक्ष महोदय :** यों मत सोचिये। उसको भी आप ले आइये। आप तो बाल की खाल निकाल रहे हैं। इस से कुछ नहीं मिलेगा।

---

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी :** बाल की खाल नहीं गन्ना छील रहे हैं।

**अध्यक्ष महोदय :** बात करिये। मुझे पता है कि सब ठीक हो रहा है।

**डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी** (बम्बई उत्तर पूर्व) : किसान के लिए किसी को हमदर्दी नहीं है।

**श्री रामावतार शास्त्री :** यह तो तब पता चल गया जब अभी आप चुप बैठे हुए थे। Sir, I call the attention of the hon. Minister of Agriculture to the following matter of urgent public imporance and I request that he may make a statement thereon :—

> "Steps taken by the Government to maintain remunerative prices for potatoes and sugarcane (excluding the supply to factories) so as to save the farmer from ruin faced by him due to the distress sale at present."

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND RURAL DEVELOPMENT AND CIVIL SUPPLIES (RAO BIRENDRA SINGH) : Sir, it is the primary objective of the agricultural price policy of this Government that the farmers should get remunerative prices for their produce. This is necessary for the growth of agriculture which is the mother industry and the foundation of India's economy. As the hon. Members are aware, the Agricultural Prices Commission makes recommendations on procurement/minimum support prices of agricultural commodities keeping in view the need to provide incentive to the producers for adopting improved technology, ensuring rational utilisation of land, water and other production resources and with due regard to the likely

[RAO BIRENDRA SINGH]

effect of the price policy on cost of living, level of Wages, etc. While recommending the prices of a commodity, the Commission takes into consideration, inter-alia, the prices fixed in the previous year, the trends in market prices, production and supply situation, the latest available estimates of cost of production of the commodity concerned. In March, 1980, Government revised the terms of reference of the Agricultural Prices Commission. An important addition introduced was that while recommending the procurement/support prices, the Agricultural Prices Commission would take into account the terms of trade between the agricultural and non-agricultural sectors. This has been a guiding consideration in the formulation of agricultural price policy since last year.

2. As regards sugarcane, the Central Government fixes statutory minimum prices payable by sugar factories under the Sugarcane (Control) Order 1966. The main criteria adopted for fixing the statutory minimum price of sugarcane include the cost of production of sugarcane, the return to the growers from alternative crops and the general trend of prices of agricultural commodities, recovery of sugar from sugarcane and the availability of sugar to the consumers at reasonable price. The statutory minimum prices announced by Government are only support prices to ensure that in a period of glut the farmers do not have to suffer any loss. In 1979-80 the statutory minimum price of sugarcane was Rs. 12.25 per quintal. In the subsequent two years the statutory minimum price has been Rs. 13 per quintal. However, it is important to note that as a result of the deliberate policy of the Central and State Governments, the prices of sugarcane actually paid by the sugar factories to the growers have been significantly higher than the support price. Last year these prices were in the range of Rs. 16.50 to Rs 28 per quintal of sugarcane. Even in the current year when we are having a bumper sugarcane crop, the prices paid by the sugar mills are close to last year's level. In order to ensure larger utilisation and good prices for sugarcane, early crushing incentives were given by the Government to the sugar mills in the last quarter of 1981. The Government is also now considering to provide incentive to sugar mills for late crushing of sugarcane. The question of creating a buffer stock of sugar is also being considered.

3. The Government is keeping a continuous vigil on the sugarcane situation. The Hon. Members would be glad to know that so far the Government has not received any reports to the effect that sugar mills have not been able to accept the supplies of sugarcane being made to them. Since the prices of sugarcane offered by sugar mills are the principal instrument for sugrcane price policy of the Goverment, every effort is being made to use it in the best interests of the farmers and the country. Our present assessment is that, if the offtake of sugarcane by sugar mills is raised to a level of about 70 million tonnes as against last year's 51.5 million tonnes, the supplies of sugarcane left for gur and khandasri sector will not be much differents as compared to last year. Therefore, on present assessment, it appears unlikely that the sugarcane growers in general would have to face the prospect of uneconomic returns on sugarcane.

In the case of potatoes also, Govrnment is fully alive to the production and price situation. According to advance estimates, production of potatoes in the current year is over 10 per cent higher than that of last year. Much of the potato digging in northern States takes place in January and February and there is a big spurt in supplies. Apart from this, the potatoes which come in the market at this time are not ripe enough for storage over long periods. They have, therefore, to flow in current sales. Past experience shows that a crash in prices takes place if movement from the high production areas gets blocked. In view of this situation, Ministry of Agriculture had ap-

proached the Railways to ensure availability of sufficient number of wagons for the movement of potatoes from producing areas. They were also requested that perishable commodities should be moved on concessional freights and special trains might be provided for them. Rrailway Ministry has given full cooperation and there are no complaints of wagon shortage for the transport of potatoes.

SHRI ATAL BEHARI VAJPAYEE (New Delhi): Only recently I have received a telegram stating that the wagons are not available. He says there is no complaint of wagon shortage.

राव बीरेन्द्र सिंह : शिकायत आप तक पहुंची होगी, मेरे पास नहीं पहुंची है । अब आप ने बताया है, तो मैं आप से पूछ लूंगा । श्री बाजपेयी को व्यापारियों का ज्यादा पता है । व्यापारियों की शिकायत होगी, फार्मर्ज की नहीं ।

श्री अटल बिहारी बाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, यह लांछन लगा रहे हैं । मुझे व्यापारियों का भी पता है और किसानों का भी पता है, लेकिन इस सरकार का पता नहीं है ।

राव बीरेन्द्र सिंह : किसी व्यापारी का आलू रुक गया होगा । उसने तार भेज दिया होगा ।

A continuous monitoring of the potato price situation in the last few weeks indicated the need for marketing support for the commodity. On my direction senior officers of my Ministry and of the National Agricultural Cooperative Markeing Federation visited the potato growing areas in Uttar Pradesh. Subsequently a meeting was held in my Ministry to assess the situation with the concerned officers of the Governments of Uttar Pradesh, Punjab and Haryana. It was decided that NAFED and the National Consumers Cooperative Federation will purchase 100 tonnes per day each in Uttar Pradesh through the Pradesh Cooperatiive Federation which will also purchase 100 tonnes per day. It is expected that these purchases to the extent of 300 tonnes in U.P. per day are likely to stabilise potato price. Similarly in Punjab NAFED and the NCCF will purchase 100 tonnes and 50 tonnes respectively per day through the MARKFED, Punjab. In Haryana also the State Markeing Federation is making purchases of potatoes. Efforts are being made to ensure that the storable quantities move to cold-storages both in the private and cooperative sectors. We hope that these measures taken by the Government would avert distress sales by the potato growers. The situation is being kept under continuous review and if the need arises further steps would also be taken to protect the interests of the growers.

श्री रामावतार शास्त्री : अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने एक बहुत ही बड़ा वक्तव्य यहां पर पढ़ा....

राव बीरेन्द्र सिंह : आप की तसल्ली तो फिर भी नहीं हुई ।

श्री रामावतार शास्त्री :...... और केवल सिद्धांत की बात की । इससे यह पता नहीं चलता कि गन्ना और आलू पैदा करने में किसानों का कितना खर्च होता है । मंत्री महोदय को यह भी बताना चाहिये था । यह बात इस वक्तव्य में कही नही है । यों तो यह सरकार किसानों के लिये गला फाड़- फाड़ कर चिल्लाती है । उसके अलावा राष्ट्रपति जी ने जो टिप्पणी की है वह भी आप ने अखबार में पढ़ी होगी । कभी-कभी हमारे अध्यक्ष जी भी किसानों के समर्थन में टिप्पणी करते हैं, वह भी आप ने पढ़ी होगी । मैं यह समझ रहा था कि आप यह भी बताएंगे कि एक क्वींटल चीनी पैदा करने में किसान को कितना खर्चा करना पड़ता है ।

राव बीरेन्द्र सिंह : किसान चीनी पैदा नहीं करता है ।

श्री रामावतार शास्त्री : वह ईख तो देता है । किसान को गन्ना पैदा करने में कितना खर्चा करना पड़ता है—यह आप ने नहीं बताया ।

आप ने यह भी नहीं बताया कि एक कट्ठा

[श्री रामावतार शास्त्री]

जमीन में आलू पैदा करने में किसान को कितना खर्चा करना पड़ता है। अगर आप यह बताते तब हम भी किसी नतीजे पर पहुंच सकते थे। कहीं तो आप ने लाभकर मूल्य कहा और कहीं समर्थन मूल्य कहा। लेकिन यह दोनों मूल्य एक नहीं है। इन दोनों में बहुत बड़ा फर्क है। आप ने कह दिया कि इस आधार पर तय करते हैं, एग्रीकल्चरल प्राइसेज कमीशन यह करता है और नाफेड यह करता है—इस तरह के शब्दजाल में आपने फांसने की कोशिश की। मैंने इस सम्बन्ध में किसानों के बीच काम करने वाले लोगों से बात चीत की है। बिहार में पूर्वी चम्पारन में चकिया में बिहार के गन्ना उत्पादक किसानों का एक सम्मेलन हुआ था जिसका सभापतित्व आप के पुराने मित्र कांग्रेसी नेता [आज कांग्रेस (स) के नेता], श्री राम लखन सिंह यादव ने किया था। वहां पर हजारों की तादाद में प्रतिनिधि आये हुये थे। वहां पर यह हिसाब लगाया गया कि एक क्वींटल गन्ना पैदा करने में किसान को 41 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। आप ने स्वयं कहा है कि पिछले साल आप ने यानी सरकार ने, कहीं साढ़े 12 रुपये और कहीं 13 रुपये क्वींटल गन्ने का भाव तय किया था लेकिन किसानों ने आन्दोलन करके ज्यादा दाम ले लिये — कहीं 22 रुपये, कहीं 25 रुपये और कहीं 28 रुपये क्वींटल। इस पर आप ने कहा कि 16 से 28 रुपये क्वींटल के दाम किसानों को मिले। मैं यह कहना चाहता हूं कि किसान को एक क्वींटल गन्ना पैदा गरने पर 41 रुपये का खर्चा करना पड़ रहा है लेकिन वह केवल 35 रुपये क्वींटल गन्ने का दाम तय करने के लिये सरकार से कह रहा है। जबकि उसका खर्चा 41 रुपये है और वह मांग 35 रुपये ही रहा है, उसको भी देने के लिये आप तैयार नहीं है।

एक क्वींटल ईख से 10 किलो चीनी तैयार होती है। चीनी के सम्बन्ध में आप ने दोहरी मूल्य नीति रखी हुई है। खूले बाजार में कम से कम 600 रुपये क्वींटल के भाव पर चीनी बिक रही है और राशन की दूकानों पर जो सरकारी दाम है वह 365 रुपये क्वींटल है। किसानों को आप एक क्वींटल चीनी के पीछे 205 रुपये देते हैं। आखिर यह इतना बड़ा मार्जिन किसकी जेब में जाता है? निश्चित रूप से यह चीनी मिल-मालिकों की जेब में जाता है।

**अध्यक्ष महोदय :** शास्त्री जी, आप लोग जिन्होंने कालिंग अटेन्शन दिया है, मुझ से मिले थे। यह जो सिद्धांत की सारी बातें आप कर रहे हैं यह तो किसी बड़ी डिबेट के मौके पर आनी चाहिए। यह जो मसला आज है, जिस पर कालिंग अटेन्शन है, यह इसलिये एडमिट हुआ था कि आज जो गन्ना खाण्डसारी के लिये या गुड़ के लिये कोल्हू में जाता है उसका ठीक भाव नहीं मिल रहा है। आप की यह बात सैद्धांतिक है। आज के कालिंग एटेंशन का मकसद जो आलू ग्लट् हो गया था और उसकी प्राइस नहीं मिल रही थी, इस बारे में है। उनकी बचत के लिये आप सरकार का ध्यान आकर्षित करिये। हमारे यहां एक कहावत है—"होली पीछे घाघरो, मार खसम के सर में"—मतलब यह कि होली पीछे घाघरा लाकर दिया, तो उसका क्या करना है, उसको सर में मारो। आलू चला जाएगा, गन्ने का मौसम चला जाएगा, उसके बाद में प्रबन्ध हुआ तो उसका क्या फायदा है। उसके पहले प्रबन्ध कराना है, उसकी तरफ आप को ध्यान आकर्षित कराना चाहिये।

**श्री रामावतार शास्त्री :** अध्यक्ष जी, आप ने ठीक कहा, लेकिन जबाब उसी तरह से दिया गया है, जिस तरह से मैं सवाल उठा रहा हूं। उन्होंने सारी बात कह दी कि यह सिद्धांत है, वह सिद्धांत है और लम्बी-चौड़ी बात कही। इसलिये इस बारे में कहना जरूरी था।

मैं भी यही बात कह रहा था कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा जो कीमत मिल रही है, उत्तर प्रदेश और बिहार में वह है 20.50 रु०। पिछले साल 22.50 रु० मिली थी। उसमें भी अब कमी कर दी गई। इसलिये इन बातों की रोशनी में मैं यह जानना चाहता हूं

कि किसान को कीमत ठीक मिले, समर्थन मूल्य भी नीचे चला गया था, खाण्डसारी और कोल्हू वाले इलाके में आप समर्थन मूल्य भी नहीं दिलवा पा रहे हैं, इसकी गारंटी आप कौन सी देना चाहते हैं, जिससे उनको समर्थन मूल्य भी मिले? लाभकारी मूल्य की बात तो अलग है। इस बारे में तो बहस हम फिर कर लेंगे, लेकिन उनको समर्थन मूल्य भी नहीं मिल रहा है।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** समर्थन मूल्य कितना है?

**श्री रामावतार शास्त्री :** जो आप ने तय किया है, वही है समर्थन मूल्य।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** कितना मिलता है?

**श्री रामावतार शास्त्री :** जैसाकि आप ने बताया है कि कहीं 12 रु० है, कहीं 13 रु० है तथा कहीं पर 16 रु० से 28 रु० तक मिल रहा है। मैं यह कहना चाहता हूं कि क्या इन दोनों के बीच में कोई सीमा खींची जाएगी या नहीं या उससे भी कम खांडसारी और कोल्हू वाले किसानों को अपनी ईख बेचनी पड़ेगी—इस बारे में आप कौन सी ठोस कार्यवाही करना चाहते हैं?

आप यह भी बताइये, अगर आप बता सकें, मैंने कई बार इस बारे में सवाल उठाया है, चीनी बनाने में, गुड़ और खांडसारी बनाने में तथा किसानों को ईख का उत्पादन करने में कितना खर्च होता है। यदि आप इनकी कम्पैरेटिब फीगर्स देंगे, तो किसानों को भी बात समझ में आयेगी और हम लोगों के भी समझ में यह बात आएगी। फिर हम आप से ठीक से बात कर सकेंगे, लेकिन अभी तो कोई बात समझ में नहीं आती है।... (व्यवधान)......

एक बात मैं और कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश और बिहार के किसानों का 10 करोड़ रुपया बकाया है। आप कहते हैं कि दिलवायेंगे, लेकिन अभी तक नहीं दिलाया है। इस बारे में आप क्यों नहीं ठोस कार्यवाही करना चाहते हैं? हम लोग इस बारे में सवाल उठाते हैं, तो अध्यक्ष जी मना कर देते हैं। राष्ट्रीयकरण की बात बिहार और उत्तर प्रदेश की विधान सभाएं मान चुकी हैं। फिर भी आप मानते नहीं पता नहीं इसके पीछे क्या राज है, यह राज तो आप ही जानते होंगे कि कहीं लेन-देन का राज होगा।

अब मैं आप को आलू के बारे में कहना चाहता हूं। हमारे यहां किसान को एक कट्ठा जमीन में आलू उपजाने में 137 रु० खर्च करना पड़ता है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है :

| | रुपये |
|---|---|
| जोताई | 10.00 |
| बोआई | 3.00 |
| खाद | 40.00 |
| दवाई छिड़काव | 8.00 |
| कोड़नी व निकौनी | 3.00 |
| सिंचाई | 10.00 |
| बीज | 60.00 |
| आलू निकालते वक्त मजदूरी | 3.00 |
| कुल खर्च | 137.00 |

यह तो आप जानते हैं कि बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में आलू बड़े पैमाने पर पैदा होता है। आलू का सबसे बड़ा केन्द्र बिहार शरीफ है, जहां से हमारे माननीय सदस्य श्री विजय कुमार यादव चुन कर आये हैं।

पटना में भी बहुत बड़े पैमाने पर आलू की खेती होती है लेकिन उनका खर्च 137 रु० होता है जब कि एक मन का 20 रु० से अधिक उनको नहीं मिलता। एक कट्ठे में 5 मन आलू पैदा होता है, 20 रु० मन के हिसाब से 100 रु० उनको मिलता है जब कि वे उसके उत्पादन पर 137 रुपया खर्च कर रहे हैं।

[श्री रामावतार शास्त्री]

ग्राप ने कह दिया कि "नाफेड" यह कर रहा है, दूसरे संगठन यह कर रहे हैं, लेकिन उनका जितना खर्चा होता है कम से कम उतना तो उन को दिलवाइये, मुनाफे की बात जाने दीजिये। मैं जानना चाहता हूं कि इस सम्बन्ध में ग्राप क्या करने जा रहे हैं ?

ग्रभी कहा गया कि ग्रालू इधर-उधर भेजा जा रहा है, लेकिन वैगन्ज नहीं मिल रही हैं जिसके कारण ग्रालू सड़ रहा है। वाजपेयी जी ने ग्रभी इस सवाल को उठाया तो कह दिया गया कि वह व्यापारियों की बात कर रहे हैं। मैं व्यापारियों की बात नहीं करता हूं, लेकिन व्यापारियों के साथ ग्रन्याय होगा' तो क्यों उनकी बात नहीं करूंगा ?

**श्री ग्रटल बिहारी बाजपेयी :** व्यापारी किसान से नहीं खरीदेगा।

**श्री रामावतार शास्त्री :** डिस्ट्रिक्ट-डिस्ट्रिक्ट में फर्क हो सकता है।

**श्री ग्रटल बिहारी बाजपेयी :** वह ग्रालू के बारे में नहीं है, सोवियत रशिया के बारे में है।

**श्री रामावतार शास्त्री :** जब यहां सवाल उठाता हूं तो कहते हैं कि जनसंघी हो गया है। लेकिन यदि किसी के साथ ग्रन्याय होगा तो उस सवाल को क्यों नहीं उठाऊंगा। यह प्रश्न इस समय यहां नहीं है। प्रश्न यह है कि वैगन्ज नहीं देंगे तो व्यापारी का ग्रालू भी सड़ेगा ग्रौर किसान का ग्रालू भी सड़ेगा। मैं जानना चाहता हूं कि इसको सड़ने से बचाने के लिये ग्राप ने कौन से उपाय किये हैं। ग्राप ने सेठी साहब को सर्टिफिकेट दे दिया कि वह वैगन्ज दे रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि वैगन्ज नहीं मिल रही हैं।

मैं ग्राप से फिर पूंछना चाहता हूं—ग्रालू वाले किसानों को ठीक दाम मिलें, इसके लिये क्या ग्राप ग्रालू पर ग्राधारित कोई उद्योग-धंधे लगाने की बात सोच रहे हैं, यदि ग्राप ने विचार किया है तो उसकी क्या तस्वीर ग्राप ने बनाई है, उसके बारे में भी बतलाएं ?

इन बातों को ध्यान में रखते हुये मैं मंत्री जी से स्पष्ट जानना चाहूंगा—मैं "स्पष्ट" पूछ रहा हूं, जब कि ग्राप लोग "ग्रस्पष्ट" कहते हैं। स्पष्ट ग्रौर ग्रस्पष्ट में बहुत फर्क है........

**ग्रध्यक्ष महोदय** जो "ग्रस्पष्ट" बोलते हैं वह तो चुप बैठे हैं।

**श्री रामावतार शास्त्री :** ग्राप स्पष्ट तरीके से सफाई के साथ बतलाइये—जिन किसानों को ग्राप ईख ग्रौर ग्रालू का समर्थन मूल्य नहीं दिलवा रहे हैं, मैं चाहता हूं कि उनके लिये ग्राप समर्थन मूल्य तय करें। जो लोग कृषि का मूल्य तय करते हैं क्या वे इन के बारे में भी कुछ करेंगे। इन लोगों को तंगी, परेशानी ग्रौर बदहाली से बचाने के लिये ग्राप ने जो बयान दिया है वह काफी नहीं है, हमारे सामने कुछ ठोस बातें लेकर ग्राइये ताकि लोगों को विश्वास हो कि उनको ग्रपनी उपज डिस्ट्रेस-सेल में नहीं बचनी पड़ेगी, उनके लिये ग्राप समर्थन मूल्य तय करेंगे तथा उनको कम से कम समर्थन मूल्य तो दिलवा सकेंगे।

**राव वीरेन्द्र सिंह :** स्पीकर साहब, शास्त्री जी ने जो कालिंग ग्रटेन्शन ह उस के सामने रखी ग्रौर जो कुछ उन्होंने गन्ने की कीमत के बारे में कहा, इन का एक-दूसरे से गहरा सम्बन्ध तो है, इन को एक-दूसरे से ग्रलग नहीं किया जा सकता क्योंकि जो कीमत गुड़ बनाने वाले ग्रौर खाण्डसारी बनाने वाले दे पाते हैं उस का ग्रसली ग्राधार वह कीमत होती है जो फैक्टरी वाले दे सकें। ग्रगर फैक्टरी वाले कीमत ऊंची दें, तो खंडसारी

बनाने वाले भी किसान को ज्यादा कीमत देंगे और फैक्टरी में चूंकि गन्ने की खपत ज्यादा होती है, वहां सप्लाई इतनी हो कि वह कम कीमत दें तो खंडसारी वाले भी अपने आप कीमत गिरा देते हैं। पिछले सालों में यह देखने में आया कि चूंकि गन्ने की कमी होती थी फैक्ट्रीज के लिये, इस वास्ते फैक्टरीज वाले गन्ने की कीमत जितनी देते थे, उस के हिसाब से फैक्टरी की तरफ ज्यादा गन्ना झुकता था, ज्यादा पहुंचता था। खंडसारी वालों को अपनी मिलें चलाने के लिये उससे काफी ऊंची कीमत देनी पड़ती थी। अब की बार भगवान की दया से गन्ने की फसल इतनी अच्छी हो गई है कि फैक्टरी वालों को गन्ने की सप्लाई में ज्यादा परेशानी नहीं होगी।

**अध्यक्ष महोदय** : इसमें किसानों का बड़ा हाथ है।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : वही किसान भाई है उसमें कुछ नेता ऐसे भी थे जो किसान भाई को कहा करते थे कि गन्ने की सप्लाई फैक्टरीज के लिये मत करो, हालांकि वह कामयाब नहीं हुये। लेकिन इस बार यह बात सुनने में नहीं आई कि गन्ना सप्लाई मत करो।

**श्री रामावतार शास्त्री** : बिहार में किया है, 11 दिन तक रोके रखा।

**श्री राम विलास पासवान** (हाजीपुर) : बिहार में रीगा चीनी मिल में गोली चली, 2 लोग मारे गये हैं। वहां के एम० एल० ए० जेल में बन्द हैं।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : कोई ज्यादती की होगी।

**श्री रामावतार शास्त्री** : क्या यह सूचना आप को बिहार सरकार ने नहीं भेजी?

**डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी** (बम्बई उत्तर पूर्व) : आज कल प्रेस सेंसरसिप है, इसलिये खबर नहीं मिली होगी।

**राव बीरेन्द्र सिंह**: स्पीकर साहब आपने जिस तरफ इशारा किया, वह बात आप की बहुत हद तक सही है कि चूंकि गन्ने की पैदावार अच्छी है इस वास्ते गुड़ बनाने वालों को भी अगर गन्ना खरीदना पड़ता है तो वह ज्यादा कीमत नहीं दे पाते और खंडसारी वाले भी उतनी कीमत नहीं दे रहे जितनी पहले साल दिया करते थे। लेकिन सरकार की मजबूरी यह है कि फैक्टरीज को तो रैगुलेट करके हम गन्ने की कीमतें तय करा सके, शुगर की हमारी पालिसी है, उनसे हम किसी भाव पर लेते हैं, कुछ उसमें से शुगर खुली बेंचने की इजाजत देते हैं, लेकिन गुड़ एक ऐसी चीज है जिसको हम रैगुलेट नहीं कर पाते। इसके कितने यूनिट हैं, किसान अपने घर में भी बनाता है, बेचने के लिये भी बनाता है, दूसरों से खरीदकर भी बनाता है, अपने गन्ने की भी इस्तेमाल करता है। न उसके ऊपर कोई टैक्स लगाया जा सकता है और न एक्साइज ड्यूटी हो सकती है और न ही उसका हिसाब-किताब रखा जा सकता है और ना ही सरकार किसान पर पाबन्दी लगाना चाहती है। इस वास्ते गुड़ की पैदावार इतनी काफी है देश में, जहां हम अन्दाजा करें कि 70 लाख टन के करीब चीनी होगी, वहां हम अन्दाजा यह भी कर रहे हैं कि 80 लाख टन के करीब गुड़ पैदा होगा इस देश में।

खंडसारी ज्यादा से ज्यादा 6,7 लाख टन पैदा होती है, इससे ज्यादा खंडसारी की पैदावार नहीं है, तो गुड़ के लिये जो गन्ना जाता है, उसके ऊपर तो हम मजबूर हैं, उसके ऊपर हम ऐसी कार्यवाही नहीं कर सकते लेकिन गुड़ की कीमत तभी अच्छी रह सकती है, जब शुगर की कीमतें भी अच्छी हों। गुड़ बनाने के लिये जो गन्ना इस्तेमाल

[ राव वीरेन्द्र सिंह ]

होता है, उसकी कीमत भी अच्छी तभी मिल सकती है जब फैक्टरीज कीमतें अच्छी दें।

इंडायरेक्टली इस तरीके से हम किसान की मदद कर रहे हैं, जैसा कि आपने देखा होगा कि पिछले साल भी 28 रुपये तक गन्ने की कीमतें मिलीं फैक्टरीज की तरफ से।

**अध्यक्ष महोदय** : स्टोरेज का कुछ किया, वहां फैसिलिटीज हों गुड़ के लिये। बैंक फैसिलिटीज हों।

**श्री चन्द्रजीत यादव** (आजमगढ़) : अध्यक्ष महोदय, आप इन से पूछ लें कि उसकी मिनिमम प्राइस क्यों नहीं तय कर देते जैसे गेहूं की, चावल की हैं।

**राव वीरेन्द्र सिंह** : गुड़ की ? आप किसान से हमदर्दी नहीं करते, इसके भाव 4, साढ़े 4 रुपये से घटकर...

**श्री चन्द्रजीत यादव** : अब भी 4 साढ़े 4 रुपये से घटकर 2 रुपये हो रहा है

**राव वीरेन्द्र सिंह** : लेकिन जब 4 और साढ़े 4 रुपये गुड़ पिछले सालों में बिका, उस वक्त किसान को फायदा हुआ, उस वक्त अगर कम कीमत कर देते तो किसान को नुकसान होता या फायदा होता ?

**श्री चन्द्रजीत यादव** : जैसे सपोर्ट प्राइस देते हैं, 2 रुपये बिक रहा है मार्केट के अन्दर...

**(व्यवधान)**

**राव वीरेन्द्र सिंह** : अपने अपने समझ की बात है। जिस चीज की कीमत मंडी के अन्दर पहले ही ज्यादा हो, उस कीमत से तो ज्यादा से ज्यादा सपोर्ट प्राइस रखी जा सकती है, तो सपोर्ट प्राइस का एलान करने से नुकसान हो सकता है, कोई फायदा नहीं हो सकता है क्योंकि इससे प्राइस नीचे जाती है।

**श्री चन्द्रजीत यादव** : गुड़ दो रुपये किलो बिक रहा है।

**राव वीरेन्द्र सिंह** : जी हां, मालूम है। 2 रुपये किलो भी बिक रहा है, कहीं ज्यादा भी बिक रहा है। बंगाल में कहीं अच्छा भी है 4 रुपये भी बिक रहा है, फिर गुड़ की क्वालिटी पर फर्क पड़ता है।

**12.00 hrs.**

जिन प्रदेशों के अन्दर गुड़ अच्छा नहीं बनता, वहां 2 रुपये किलो से नीचे भी बिक रहा है और जहां गुड़ अच्छा बनता है, वहां लोग चीनी से भी बेहतर कीमत देने को तैयार होते हैं।

मैं यह अर्ज कर रहा था कि हम ने इस तरह से इन्डायरेक्टली किसानों की मदद करने के लिए जहां ज्यादा खपत होती है गन्ने की, वहां गन्ने की कीमत अच्छी रखी और इस सरकार की पालिसी की वजह से आपने देखा है कि पिछले साल किस तरह से गन्ने की पैदावार में बढ़ोतरी हुई है। 64 लाख टन से ऊपर चीनी की पैदावार पहुंच चुकी है इस देश के अन्दर और यह इस सरकार की नीतियों के कारण हुआ है। जब पिछली सरकार चालू हुई, तो 38 लाख टन हमारी चीनी की पैदावार इस देश में रह गई थी और जब यह सरकार बनी, तो प्रधान मंत्री जी ने खुद आदेश दिये चीफ मिनिस्टरों को कि 16 रुपये प्रति क्वींटल से कम तो गन्ने की कीमत देनी हीं नहीं है कम से कम साढ़े आठ पर सेंट रिकवरी पर।

**श्री चन्द्रजीत यादव** : महाराष्ट्र और दूसरी जगहों पर किसानों के लड़ने से ऐसा हुआ है ?

**राव बीरेन्द्र सिंह :** किसानों के लड़ने से ऐसा नहीं हुआ है ।

**श्री हरीकेश बहादुर :** किसानों की परवाह यह सरकार नहीं करती है ।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** यह सरकार किसानों की है और किसान इस सरकार के हैं । आप क्यों ख्वामख्वाह बीच में पड़ते हो । इस सरकार ने इस तरीके की नीति बनाई कि पहले ही साल में किसानों को 28 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने की कीमत मिली और चीनी की पैदावार एकदम 38 लाख टन से बढ़कर 52 लाख टन एक वर्ष के अन्दर हो गई । इसके बाद 52 लाख टन से 70 लाख टन चीनी की पैदावार का हम अन्दाजा लगा रहे हैं और 150 मिलियन टन से लेकर अब की बार 180 मिलियन टन गन्ने की पैदारवार का अन्दाजा लगा रहे हैं । यह एक रिकार्ड है चीनी और गन्ने की पैदावार का, जो पहले कभी नहीं हुआ । इस तरह से अनाज की पैदावार बढ़ाने की बात है ।

**श्री रामावतार शास्त्री :** क्या उन को रिकार्ड दाम भी दिया है ?

**राव बीरेन्द्र सिंह :** रिकार्ड दाम भी दिया है तभी तो ऐसा हुआ है । यह बड़ी सोच-समझ की नीति से और मेहनत से हुआ है, खाली जबानी जमा खर्च से यह नहीं होता । इस तरीके से स्पीकर साहब हमने यह सब किया है । जहां तक हम कर सकते थे, हमने किया है । आप का सुझाव भी मुनासिब है और किसानों के हित में हैं । आप हमेशा उनके हित के लिये सोचते रहे हैं और आप ने जो गुड़ के लिये कुछ स्पोर्ट प्राइस देने का इशारा किया है, उस को भी हम ध्यान में रखेंगे और हम यह कोशिश करेंगे कि गुड़ की कीमत अगर ज्यादा गिरती हुई दिखाई दी, तो हम कुछ गुड़ एक्सपोर्ट करने का भी फैसला करेंगे । ज्यादा पैदावार हो जाय, तो एक्सपोर्ट हो जाय और किसानों को ज्यादा पैसा मिल जाये ।

**अध्यक्ष महोदय:** आप एक्सपोर्ट करिये ।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** इसी तरीके से खंडसारी का भी है । किसी जगह भी 20 रुपये से कम पैसा नहीं मिल रहा है । मिलों के अन्दर 20 रुपये से लेकर 26, 27 और 28 रुपये तक अलग-अलग प्रांतों के अन्दर गन्ने की कीमतें स्टेट गवर्नमेंटस ने मुकर्रर की हैं । मैं यह भी बता दूं कि स्टेट सरकारें भारत सरकार की नीति के मुताबिक और प्रधान मंत्री जी की खास हिदायत के मुताबिक अपने आप ऊंची से ऊंची कीमत दिलाने की कोशिश करती है, जिसकी वजह से यह हो रहा है कि गन्ने की पैदावार ज्यादा हुई है और मिलों में भी उस की खपत ज्यादा है । इसमें कोई शक नहीं है ।

कुछ एरियर्स अब की बार ज्यादा रह गये हैं लेकिन जब शूगर का मौजूदा सीजन शुरू किया, तो उस वक्त तक रिकवरी अच्छी हो चुकी थी और एरियर्स इतने खत्म कर दिये थे कि 1 परसेंट एरियर रह गये थे, जो इतने कम कभी नहीं रहे थे । हमने इस पर खास तौर पर ध्यान दिया है और स्टेट गर्वनमेंटस् से हम दरख्वास्त करते रहते हैं । उनके अफसर, उन के इस महकमें में काम करने वाले लोग इस चीज पर निगाह रखे कि जहां भी फेक्टरीज के अन्दर किसानों का पैसा ज्यादा जमा हो, उस पर फौरी एक्शन लें और हमें इत्तिला दें । हम भी इसके बारे में रिपोर्ट लेते रहते हैं और हम कोशिश कर रहे हैं कि ये एरियर्स ज्यादा न होने पायें । पहले जो 38 परसेंट तक एरियर्स रह जाते थे, उसके मुकाबले में अब जब से यह सरकार आई है, 21.22 परसेंट से ज्यादा एरियर्स एक सीजन के बीच में, जनवरी, फरवरी में भी कभी नहीं होने पाये । लेकिन सीजन ज्यों ही खत्म होगा, जैसा

[राव बीरेन्द्र सिंह]

हमारा कायदा है कि 14 दिन के अन्दर सारा हिसाब किताब क्लीयर होना चाहिये, हम उम्मीद करते हैं कि ये एरियर्स खत्म हो जायेंगे। हमारे फाइनेंस मिनिस्टर साहब मौजूद हैं, इनसे भी हम दरख्वास्त कर रहे हैं कि फेक्ट्रीज को कुछ ज्यादा क्रेडिट फेसिलिटीज दे दी जायें ताकि गन्ने के एरियर्स खत्म हो जायें। यह देश के उत्पादन के हित में होगा। उनका महकमा इस तरफ ध्यान दे रहा है और हम यह उम्मीद करते हैं कि ये किसानों को परेशान नहीं होने देंगे ।

(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : अध्यक्ष जी, गन्ने का भाव 10–12 रुपये क्विंटल हो गया है।

(व्यवधान)

**राव बीरेन्द्र सिंह** : आलू के मुताल्लिक मैं इतना अर्ज करना चाहूंगा, आलू की पैदावार पिछले सालों की निस्बत काफी बढ़ी है। जहां हमारी पैदावार 95–96 लाख टन तक होती थी, अब वह उससे ऊपर आ गयी है। अब की बार 105–106 लाख टन के करीब पैदावार करने की हम उम्मीद कर रहे हैं। यू० पी०, वेस्ट बंगाल और बिहार इन प्रांतों में आलू की पैदावार ज्यादा होती है। यू० पी० से हमें शिकायतें आ रहीं हैं क्योंकि 45 परसेंट के करीब आलू की पैदावार यू० पी० में होती है। यू०पी० में भी कुछ जिलों–जैसे फरुख्खाबाद, इटावा में अधिक पैदावार होती है और अब गाजियाबाद में भी आलू ज्यादा पैदा होने लगेगा। इन जगहों पर हम अपने आफिसरों को भेजते रहे हैं ।

जैसा कि मैंने स्टेटमेंट में कहा था कि अगर आलू को मार्किट सपोर्ट देना है तो जैसा कि हमने महाराष्ट्र और गुजरात में प्याज के मामले में किया हमने यू० पी० को भी सुझाव दिया था कि स्टेट की एजेंसियां भी आधी हिस्सेदार बनें, सारी जिम्मेदारी सेंट्रल गवर्नमेंट की न हो तो किसानों को काफी मदद मिल सकती है। अगर आलू के मामले में भी स्टेट गर्वनमेंट की एजेंसियां हिस्सेदारी लेने लगें तो इससे सेंट्रल गवर्नमेंट को भी हिम्मत होगी। हम गवर्नमेंट एजेंसियों के जरिये से आधा आलू खरीदने को तैयार हैं और उसमें नुकसान उठाने को तैयार हैं।

(व्यवधान)

यह ठीक है कि यू०पी० गवर्नमेंट ने अभी हमारी तजवीज को मंजूर नहीं किया। इसका एक इलाज ही हो सकता है कि वेगन्स की मूवमेंट हो जैसा कि पिछले साल हमने किया था। यू० पी० के चीफ मिनिस्टर ने कुछ इस बात को माना है कि अगर वेंगम की मुमेंट अच्छी तरह से हो जायगी तो ज्यादा परेशानी नहीं होगी । रेलवे मिनिस्ट्री के सहयोग से, रेलवे वेंगस की सप्लाई पिछले साल बहुत अच्छी रही है। अब की बार भी रेलवे मिनिस्ट्री बहुत अच्छा सहयोग दे रही है। हम उसका शुक्रिया अदा करते हैं। हमें इस बात की तसल्ली है कि वेगन्स की की कमी नहीं है ।

अगर वेगन्स की मूवमैंट होती रही तो आज भी हिन्दुस्तान में ऐसी जगहें हैं जहां आलू की कीमत ज्यादा है। यू०पी० में रोजाना तीन सौ टन आलू खरीदा जायगा और यह मार्च के आखिर तक चलेगा। यह मार्किट रेट पर खरीदा जायगा । इससे अपने आप कीमतें ऊपर जायेंगी। यह तरीका है कीमत बढ़ाने का, किसानों की मदद करने का। पंजाब में हमने 150 टन आलू खरीदने का फैसला किया है। उसमें स्टेट की एजेंसी भी शामिल है, भारत सरकार की भी शामिल हैं ।

**अध्यक्ष महोदय** : आप ऐसा इंतजाम क्यों नहीं करते कि फसल आने से पहले ही आपकी मशीनरी तैयार हो ?

**राव बीरेन्द्र सिंह** : हमने पहले से ऐसा इंतजाम किया था। जब एकदम जनवरी-फरवरी में आलू पकता है अगर हम शुरू से ही परचेज करने लगें तो गलत होता है। हमें मार्किट को देखना पड़ता है, उस पर निगाह रखनी पड़ती है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने भी एक शिकायत की है। मुझे तो तसल्ली थी कि वेगन्स मिल रहे हैं। उसके बाद भी मैंने पता लगाया। उस वक्त भी मेरी बात ज्यादा दुरुस्त रही और वाजपेयी जी की बात में कोई वजन दिखायी नहीं दिया।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : पहले कहा तार नहीं आया, अब कहा खबर नहीं आयी।

**अध्यक्ष महोदय** : तार ये स्वयं लेकर आये।

**श्री हरीश रावत** (अल्मोड़ा) : यू० पी० गवर्नमेंट ने कहा है कि वेगन्स की कमी है।

**(व्यवधान)**

**राव बीरेन्द्र सिंह** : चेयरमैन पोटेटो मरचेंट एसोसिएशन की तरफ से वाजपेयी जी के पास तार आया है।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : वेगन्स किसको चाहिये ?

